# श्याम का मुस्काना कर दे दीवाना | By Kumar Vijay

मेरे श्याम तेरा मुस्काना
जो देखे हुआ दीवाना
सारे जग में शोर मचा है
खाटू का सेठ निराला
तू चल चल चल चल श्याम प्रभु के द्वारे रे
ये प्यारी सूरत मन में आज बसा ले रे

शाम सुबह मैं तेरा गुणगान करता हूँ
तेरी इस प्यारी प्यारी सूरत पे मरता हूँ
प्यारा सा मुखड़ा तेरा
दिल घायल करता मेरा
जो सुने ना विनती मेरी
मैं डालू दर पे डेरा
तू चल चल चल चल श्याम प्रभु के द्वारे रे
ये प्यारी सूरत मन में आज बसा ले रे

मेरा दिल करता है तेरी भक्ति में खो जाऊं
तेरे चरणों में सर रख कर, बस तेर गुण गाऊं
खुली आँख से देखु सपना
खाटू में घर हो अपना
उस घर में प्यारी मूरत
बस श्याम नाम ही जपना
तू चल चल चल चल श्याम प्रभु के द्वारे रे
ये प्यारी सूरत मन में आज बसा ले रे

खाटू का जो है राजा, हारे का एक सहारा
वो सबकी झोली भरता जिसने भी उसे पुकारा
जो दर तेरे पे आते
वो श्याम तेरे दीवाने
माहि तू भी गुण गा ले
सब भक्तो को समझाते
तू चल चल चल चल श्याम प्रभु के द्वारे रे
ये प्यारी सूरत मन में आज बसा ले रे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%b8%e0%a5%8d%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%a6%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a5%80/